**Nai Dunia (Indore), 21st August 2022, Page-06**

# कंपनियों के शोध कार्य में मदद करेगा आइआइटी

## सीआइसी का आयोजन : संस्थान ने विभिन्न कंपनियों के 36 अधिकारियों के साथ बैठक की

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में शनिवार को कार्पोरेट और इंडस्ट्री कनेक्ट (सीआइसी) का आयोजन किया गया। इसमें इंदौर, पीथमपुर और आसपास के क्षेत्रों के 15 प्रमुख उद्योगों के करीब 36 अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें शोध कार्य में मदद का आश्वासन दिया। इसमें वोल्वो, आयशर, फोर्स मोटर्स, केस, न्यू हालैंड, ब्रिजस्टोन, क्राम्पटन ग्रीव्स, जेबीएम आटो, राजरतन ग्लोबल वायर, टीसीएस, प्रतिभा सिंटेक्स, ईकेए मोबिलिटी, आइएमए पीजी, आयशर गियर्स, गुफिक बायोसाइंसेस, पीएआर फार्म्युलेशन व टीएएफई कंपनी के अधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसंधान के क्षेत्रों को खोजना, चर्चा करना, समाधान खोजना व सहयोग करना था। आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास एस जोशी ने कहा कि हम संस्थान के आसपास के शैक्षणिक संस्थानों व कंपनियों को अनुसंधान में सहयोग दे रहे हैं। राजा रमन्ना सेंटर फार एडवांस्ड टेक्नोलाजी, सोयाबीन रिसर्च इंस्टीट्यूट इंदौर, भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल और सेंट्रल इंस्टीट्यूट फार एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग भोपाल के साथ किसानों और उनके कृषि संबंधी मुद्दे और वन स्थिरता को तकनीकी समाधान प्रदान करने के लिए परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया है। मध्य प्रदेश राज्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है।



आइआइटी इंदौर में विभिन्न कंपनियों के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया और उन्हें संस्थान के निदेशक ने शोध कार्य में मदद करने का आश्वासन दिया। ● सौ. संस्थान

### कालेजों के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेगा संस्थान

निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा कि हमने हाल ही में मध्य प्रदेश के उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत सरकारी इंजीनियरिंग कालेज की विभिन्न ब्रांच में प्रथम रैंक के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में संस्थान के प्रो. आनंद पारे और प्रो. आइए पलानी भी मौजूद थे। बैठक में आटो निर्माण, आटो पार्ट्स, फार्मा, आइटी और टेक्सटाइल क्षेत्रों में भी विचार मंथन किया गया। संस्थान के संकाय सदस्यों और उद्योगपति के बीच विशेष रुचि समूह (एसआइजी) का गठन किया गया।